भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 5224
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

रामायण सर्किट और एसडीएस के अंतर्गत खर्च की गई निधि

5224. श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा मिथिला क्षेत्र में रामायण सर्किट और स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत स्थल-वार कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ख) क्या सरकार का विचार स्वदेश दर्शन और 'प्रसाद' योजनाओं के अंतर्गत मिथिला क्षेत्र के दरभंगा में प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्यामा माई मंदिर परिसर को विकसित करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत बिहार में तीर्थंकर, आध्यात्मिक, बौद्ध एवं ग्रामीण परिपथ थीमों को कवर करते हुए 5 परियोजनाएं और झारखंड में ईको परिपथ थीम को कवर करते हेतु 1 परियोजना को स्वीकृति दी है। यद्यपि बिहार और मिथिला क्षेत्र सहित झारखंड में रामायण परिपथ थीम के तहत किसी परियोजना को स्वीकृति नहीं दी गई है। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने बिहार और झारखंड राज्य में 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना के तहत भी परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। बिहार और झारखंड में 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटक गंतव्यों के विकास के लिए अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में स्वदेश दर्शन योजना को परिवर्तित किया है और एसडी 2.0 के तहत बिहार में 'नालंदा' और 'गया' को विकास हेतु गंतव्यों के रूप में चिह्नित किया है। अभी तक 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजनाओं के तहत दरभंगा में 'श्यामा माई मंदिर परिसर' के विकास हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

अनुबंध

रामायण सर्किट और एसडीएस के अंतर्गत खर्च की गई निधि के संबंध में दिनांक 03.04.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 5224 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	बिहार	तीर्थंकर परिपथ/ 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.97
2	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	कांवड़िया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास	44.76
3	बिहार	बौद्ध परिपथ/ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4	बिहार	ग्रामीण परिपथ/ 2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुरकौलिया का विकास	44.27
5	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ/ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास।	44.55
6	झारखंड	ईको परिपथ/ 2018-19	दलमा - बेतला - राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया - नेतरहाट का विकास	30.11

(ख) प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	बिहार	2014-15	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास	4.27
2	बिहार	2015-16	पटना साहिब में विकास	41.54
3	झारखंड	2018-19	बैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास	39.13

*****